भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †165
सोमवार, 21 जुलाई, 2025/30 आषाढ़, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**तमिलनाडु में पर्यटन को प्रोत्साहन**

**†165. श्री जी. सेल्वम:**
**श्री सी. एन. अन्नादुरई:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा तमिलनाडु राज्य में पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए अवसंरचना विकास सहित उठाए गए प्रमुख कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) तमिलनाडु में पर्यटन विकास के लिए वर्तमान में कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं अथवा योजनाओं की जिलावार और योजनावार संख्या और ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान तमिलनाडु में विकास के लिए कोई नए पर्यटन स्थल चिह्नित किए गए हैं और यदि हाँ, तो ऐसे स्थानों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों से अभी तक पर्यटन की संभावनाओं वाले अन्वेषित स्थलों अथवा नए पर्यटन सर्किट/गंतव्यों के विकास के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन प्रस्तावों पर क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) क्या सरकार का प्रस्ताव पर्यटन अवसंरचना, गंतव्य संवर्धन, डिजिटल मार्केटिंग और अंतर्राष्ट्रीय पहुंच के लिए वित्तीय आवंटन बढ़ाने का है और यदि हाँ, तो प्रस्तावित वृद्धि का ब्यौरा क्या है और कौन-कौन से क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): तमिलनाडु राज्य सहित देश में पर्यटन विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों की ज़िम्मेदारी है। पर्यटन मंत्रालय योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की प्रस्तुति, पारस्परिक प्राथमिकता और संसाधनों की उपलब्धता के अध्यधीन राज्यों/ संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करने के उद्देश्य के साथ स्वदेश दर्शन, प्रशाद और चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास की योजना के अंतर्गत, 23 राज्यों में 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का व्यापक विकास, वैश्विक ब्रांडिंग और विपणन तथा जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन कार्यपद्धतियों को बढ़ावा देना है।

उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत तमिलनाडु में रामेश्वरम द्वीप, तंजावुर, देवला (नीलगिरी), मामल्लापुरम और वेलंकन्नी सहित विभिन्न स्थलों पर आध्यात्मिक स्थलों, विरासत स्थलों, विषयगत परिपथों और पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए कई परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

तमिलनाडु राज्य में स्वदेश दर्शन, एसडी 2.0, प्रशाद, सीबीडीडी और एसएएससीआई योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

श्री जी. सेल्वम और श्री सी. एन. अन्नादुरई द्वारा तमिलनाडु में पर्यटन को प्रोत्साहन के संबंध में दिनांक 21.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †165 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**(i) तमिलनाडु राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परिपथ/स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|---|
| 1. | तटीय परिपथ (2016-17) | (चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी) का विकास | 73.13 |

**(ii) तमिलनाडु राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **गंतव्य** | **अनुभव का नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023-24 | मामल्लापुरम | शोर टेंपल में गहन अनुभव | 30.02 |

**(iii) तमिलनाडु राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | रामेश्वरम का प्रतीकात्मक परिवर्तन | 20.01 |

**(iv) तमिलनाडु राज्य में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | मामल्लापुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क का विकास | 99.67 |
| 2. | 2024-25 | देवला में फूलों का बगीचा | 70.23 |

**(v) तमिलनाडु राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 |
| 2. | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 |
| 3. | 8 नवग्रह मंदिरों का विकास | 2024-25 | 40.94 |

**(vi) तमिलनाडु राज्य में केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:**

**(राशि लाख रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **एजेंसी** | **स्वीकृति तिथि** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चेन्नई बंदरगाह पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केंद्र | चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट | 24-09-2012 | 1724.66 |
| 2. | गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर, जिला - अरियालुर में प्रदीप्तीकरण और संबद्ध कार्य | आईटीडीसी | 31-03-2025 | 1147.52 |

*****